## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–22.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. संसद का बजट सत्र आज से, केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन वित्तीय वर्ष 2023–24 का प्रस्तुत करेंगी आर्थिक सर्वेक्षण , कल पेश होगा केन्द्रीय बजट।

2. सर्वोच्च न्यायालय नीट–यूजी परीक्षा में अनियमितताएं और उसको रद्द करने की मांग से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं पर आज सुनवाई करेगा।

3. आज से सावन की शुरुआत, पहली सोमवारी पर देवघर के बाबा मंदिर समेत राज्यभर के शिवालयों में जलाभिषेक के लिए उमड़ रहे भक्त, सुरक्षा के कड़े प्रबंध।

4. कोलकाता में आयोजित पूर्वी क्षेत्र जूनियर हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम बनी चैंपियन, बालक टीम रही उपविजेता

***************************

संसद का बजट सत्र आज शुरू हो रहा है। बारह अगस्त तक चलने वाले इस सत्र में 16 बैठके होंगी। इस सत्र में मुख्य रूप से केन्द्रीय बजट 2024–25 से संबंधित वित्तीय कार्य निपटाये जाएंगे। दोनों सदनों की सुचारू कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कल सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सरकार किसी भी विषय पर खुले मन से चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि संसद की सुचारू कार्यवाही सुनिश्चित करना सरकार और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। श्री रिजिजू ने बहुमूल्य सुझाव देने के लिए विभिन्न दलों के सदन नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और बजट सत्र के सुचारू संचालन के लिए सबसे सहयोग का अनुरोध किया।

सर्वदलीय बैठक के दौरान लोकसभा में सदन के उपनेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महत्वपूर्ण मुद्दों की ओर ध्यान दिलाने के लिए सभी नेताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कार्यवाही के दौरान सदन की गरिमा बनाए रखने पर बल दिया।

********************

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन आज संसद में वित्तीय वर्ष 2023–24 का आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत करेंगी। वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग ने मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉक्टर वी. अनंत नागेश्वरन की देख–रेख में सर्वेक्षण दस्तावेज तैयार किया है। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किये जाने के बाद मुख्य आर्थिक सलाहकार आज दोपहर मीडिया को संबोधित करेंगे।

********************

सर्वोच्च न्यायालय नीट–यूजी परीक्षा में अनियमितताएं और उसको रद्द करने की मांग से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं पर आज सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ मामले की सुनवाई करेगी। खंडपीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। खंडपीठ ने नीट पेपर लीक मामले की जांच कर रही बिहार पुलिस और उसकी आर्थिक अपराध इकाई से भी रिपोर्ट की कॉपी मांगी है।

********************

नीट यूजी 2024 परीक्षा में दो हजार तीन सौ 21 विद्यार्थियों ने सात सौ या इससे अधिक अंक प्राप्त किये। परीक्षा में एक से सौ के बीच स्थान प्राप्त करने वाले उम्मीदवार 56 शहरों और 95 केंद्रों के हैं।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र का उद्घाटन किया। भारत पहली बार विश्व धरोहर समिति की बैठक की मेजबानी कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत वैश्विक

सहयोग को बढ़ावा देने और विरासत संरक्षण प्रयासों में स्थानीय समुदायों को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत की विरासत केवल इतिहास नहीं बल्कि विज्ञान भी है।

********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज साहिबगंज के दौरे पर जाएंगे। मुख्यमंत्री बरहेट में पावर ग्रिड सबस्टेशन और संचरण लाइन का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान विभिन्न योजनओं का शिलान्यास और उद्घाटन करने के साथ परिसंपतियों का भी वितरण करेंगे।

********************

लोहरदगा जिला में उपायुक्त ने बैकों को कृषि क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने बैठक कर जिले के सभी बैंकों के प्रदर्शन पर विस्तृत चर्चा की ।

********************

आज से सावन माह की शुरूआत हो गई है। सावन की पहली सोमवारी पर देवघर के बाबा मंदिर समेत राज्यभर के शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। देवघर में सुबह चार बजे बाबा मंदिर का पट खुलते ही जलार्पण शुरू हो गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर की निगरानी में रूट लाईन के हर प्वाइंट पर श्रद्धालुओं के सुविधा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किये गये हैं। जलार्पण के लिए कतारबद्ध कांवरियों को अर्घा के माध्यम से जलार्पण कराया जा रहा है। झारखंड में सावन के महीने में देशभर से लाखों श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा करने के लिए देवघर आते हैं। यह 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है।

इधर गोड्डा जिले में सावन की पहली सोमवारी को लेकर शहर के शिवपुर स्थित रत्नेश्वर धाम मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। रांची के पहाड़ी मंदिर में भी सुबह से ही श्रद्धालु भीड़ बाबा भोलेनाथ का जलार्पण कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन के द्वारा कड़े इंतजाम किए गए हैं।

********************

बोकारो इस्पात नगर स्थित एलआईसी मोड़ के निकट कल शाम दो बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमे एक की मौत हो गई । घटना के बाद आक्रोशित लोगो ने मुआवजा की मांग को लेकर बोकारो रामगढ़ हाईवे को जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझा कर जाम खुलवाया।

********************

हॉकी इंडिया द्वारा कोलकाता में आयोजित पूर्वी क्षेत्र अंडर 15 हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम चैंपियन बनी जबकि बालक टीम उपविजेता बना। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में बालिका टीम ने मेजबान पश्चिम बंगाल की संघर्षपूर्ण मैच में पेनाल्टी शूट में 4– 3 से हराया। बालक टीम को ओडिशा ने 2–0 से हराकर खिताब जीता।

********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने आज से सावन माह की शुरुआत के साथ ही संसद का बजट सत्र और सुप्रीम कोर्ट में नीट यूजी से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है

प्रभात खबर की हेडलाइन है– नीट यूजी दोबारा होगा या नहीं, इस पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज।

हिन्दुस्तान ने फोटो स्टोरी के साथ लिखा है– देवघर में उमड़े शिवभक्त, सावन की पहली सोमवारी आज।

दैनिक जागरण ने लिखा है– श्रावणी मेला का उद्घाटन, गूंजने लगे बोलबम के जयकारे

दैनिक भास्कर ने पहले पन्ने पर लिखा है – आषाढ़ सूखा, अब सावन में बारिश की झड़ी की उम्मीद,

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने आज से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।

*********************